



हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

# प्रॉपर्टी भूमि

साकार होगा सपना

घर हो अपना ...





## डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर की नई पेशकश

PCGRERA080524001773

# चितवन फार्म हाउस दे रहा है स्वच्छ वातावरण में प्रकृति के बीच रहने का अहसास

**बिलासपुर। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने एक नई पेशकश की शुरुआत की है। इसके तहत डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर चितवन फार्म हाउस में लोगों को प्रकृति के बीच रहने का एहसास दिला रहा है।**


DCT Real Estate Developer ®

DCT Real Estate Developers

प्रॉपर्टी मतलब DCT

ISO Certified 9001-2015

गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट ने चितवन फार्म हाउस की नई सौगात शहरवासियों को देने की शुरूआत की है, जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सकें। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है, जिसकी नेशनल रोड से जुड़े होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना पहचाना और विश्वसनीय नाम है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वसनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरुआत की जा रही है, जहां योगा, मोडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वीमिंग पूल, बास्केटबाल व बैडमिंटन कोर्ट, फाइव ए साईड फुटबाल, फाइव ए साइड क्रिकेट, पिकनिक स्पॉट, मंदिर, 24 घंटे बिजली एवं पानी सप्लाई, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिक्यूरिटी, होम मेंटेनेंस एंड मैनेजमेंट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म के एंट्री गेट को भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस है, जो पूरी तरह टीएंडसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एप्रूव्ड है।




### आधुनिकता के साथ हरियाली एवं शांत वातावरण

शहर में भीड़भाड़ और पर्यावरण प्रदूषण के कारण ज्यादातर लोग बाहर की कालोनियों में फ्लैट और निवास कर रहे हैं। लोग अपनी छुट्टियां बिताने के लिए परिवार सहित किसी शांत वातावरण में जाना पसंद करते हैं। चितवन फार्म लोगों को इस तरह की सौगात दे रहा है। यहां फार्म हाउस में आधुनिकता के बीच ग्रीनरी एवं शांत वातावरण है, जहां लोग परिवार के साथ वेकेशन पर जा सकते हैं।

### रायपुर रोड में निवेश

वर्तमान में बिलासपुर परिक्षेत्र में निवेश हेतु रायपुर रोड सबसे उपर्युक्त स्थान है इसका कारण बढ़ते हुए क्षेत्र का विकास व भूमि के बढ़ते मूल्य है। आज से 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने इस मार्ग में निवेश किया था आज उनकी भूमि की कीमत तीन से चार गुना बढ़ चुकी है। सर्किल रेट में भी वृद्धि क्षेत्र की हुई है। आज सबसे अधिक रिहायसी कॉलोनी भी इसी मार्ग में आते हैं।

### डेमो रेडी बुकिंग शुरू

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे पर स्थित चितवन फार्म हाउस में 170 से अधिक फार्म हाउस का डेमो रेडी हो चुका है। यह फार्म हाउस लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस फार्म हाउस में लोगों का पहुंचना भी शुरू हो गया है, जहां वीकेंड और अन्य कार्यक्रम के लिए बुकिंग की शुरुआत भी शुरू हो चुकी है।

### सामाजिक और शहरी जीवन का संगम

शहर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा के पास बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे रोड सबसे अधिक व्यस्ततम रोड में से एक हो चुका है।

बिलासपुर के आसपास कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां वीकेंड प्लान करने के लिए लोग जा सकें। लोगों के सपनों को साकार करने के लिए चितवन फार्म एक सामाजिक और शहरी जीवन का संगम है। यहां लोग अपनी पार्टियों को मनाने के अलावा अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी कर सकते हैं।

*चितवन फ़ार्म सिर्फ़ एक प्लॉट नहीं यह एक मंज़िल है, सपनों की, आपके अपनों की, हर दिन को ख़ास बनाने की, ज़िन्दगी को ख़ुशहाल बनाने की शहर से जुड़ा, पर भीड़-भाड़ से जुदा-एयरपोर्ट, हाईकोर्ट, बस स्टैंड... सब कुछ नज़दीक, फिर भी एकदम शांत, यहाँ हर सुविधा है और आपकी हर ख़ुशी की वजह भी है.*

APPROVED RERA APPROVED APPROVED

### ग्राहकों की संतुष्टि जरूरी



राजेन्द्र सिंह राजपूत
डॉयरेक्टर

डीसीटी के जो भी प्रोजेक्ट शुरु किए जाते हैं, वह सभी रेरा और टीएंडसी से एप्रुवड होते हैं। इन सभी स्थानों पर हरियाली और सड़क, नाली, बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। इससे पहले बिलासपुर वासियों के लिए कृष्णापुरम, गोल्ड फार्म जैसे प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि ग्राहकों अगर संतुष्ट होते हैं तो ही हमारा उद्देश्य पूरा होता है।

## आधुनिक जीवन शैली का समावेश प्रकृति के साथ

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने इससे पहले भी कई प्रोजेक्ट पर कार्य किया है।

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर-रायपुर रोड के पहले कृष्णापुरम आवासीय कालोनी बनाई गई थी, जहां रहने वाले लोगों को सारी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसी तरह अब चितवन फार्म हाउस में शानदार तरीके से कार्य किया गया है, जहां शानदार और आकर्षक एंट्री गेट के अलावा समय बिताने के लिए फार्म हाउस एवं स्वीमिंग पुल की भी सुविधा है। यहां लोग स्वीमिंग क्लब का उपयोग करने के साथ लाइफ प्लान कर सकते हैं।









**Contact for Site Visit & Booking : 6264883066, 7470886613**






# लोगों को मिलेंगे किफायती दाम पर फ्लैट्स

साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज की अपार सफलता के बाद लोगों के लिए **मेन्स नमन रेसिडेंसी** एक नई पेशकश की जा रही है, जिसके तहत अशोक नगर में 176 फ्लैट्स का सर्वसुविधा युक्त बहु मंजिला आवासीय परिसर बनाया जा रहा है। इसमें लोग रहने के बाद अपने अधूरे सपनों को पूरा कर सकेंगे। मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स शहर और आसपास के एरिया में शानदार और मजबूत फ्लैट्स का निर्माण कर चुकी है।



## अशोक नगर की नई पहचान

बिलासपुर का भूगोल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदल रहा है जहां पहले शहर केंद्रित था अब शहर आउटर की ओर बढ़ रहा है जिसमें अशोक नगर सरकंडा एरिया सबसे बड़े शहर के रूप में उभर रहा है अब यही विकास की धारा सभी ओर बढ़ चुकी है परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है मेंस नमन रेसिडेंसी बिलासपुर का सबसे तेजी से विकसित हो रहा रियल एस्टेट बन चुका है। साफ सुथरा वातावरण विस्तृत हरियाली चौड़ी सड़के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कभी आउटर कहे जाने वाला इलाका आज बिलासपुर सिटी का नये शहर के रूप में नई पहचान बना रहा है।

## टीएंडसी से एप्रूवड

**मेन्स रेसिडेंसी** में बनाए जा रहे 176 फ्लैट्स की सर्व सुविधायुक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर हैं, जिसमें बनाए गए 1/2 बीएचके एफोर्डेबल फ्लैट्स व अन्य निर्माण कार्य टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा से एप्रुवड हैं। यहां बनाए गए फ्लैट्स का मजबूत निर्माण कार्य किया गया है, जिसे लोगों को किफायती दाम में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें फ्लैट्स लेने वाले लोग कार्यालय में आने के साथ ही आनलाइन रजिट्रेशन कर बुकिंग कर सकते हैं।

यहां लोगों को भी काफी सुविधाएं मिल रही है। सबसे बड़ी बात है कि इन फ्लैट्स को शहर के अंदर बनाया गया है, जिसमें आकर्षक एंट्री गेट के अलावा अन्य सुविधाएं भी दी गई हैं। अब तक मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की ओर से अग्रसेन चौक में साकेत अपार्टमेंट और भारतीय नगर में मेन्स मीडोज़ जैसे फ्लैट्स का भव्य निर्माण किया जा चुका है। इसमें बनाए गए सारे फ्लैट्स बनने से पहले ही बुकिंग किए जा चुके थे। यहां वर्तमान में बनाए गए सारे फ्लैट्स में वर्षों से परिवार निवासरत् है। इसी कड़ी में लोगों के अधूरे सपनों को पूरा करने और प्रापर्टी में निवेश करने वालों के लिए एक नया आवासीय परिसर **मेन्स नमन रेसिडेंसी** बनाया जा रहा है। यह परिसर अशोक नगर पानी टंकी के पास सरकंडा में बन रहा है, जहां करीब 176 फ्लैट्स की सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण हो रहा है।

## सुरक्षा की सारी व्यवस्था

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार अशोक नगर पानी टंकी के पास निर्माणाधीन मेन्स नमन रेसिडेंसी में सुरक्षा की सारी व्यवस्था की गई है। इसमें सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग की सुविधा, परिसर में सीसी रोड, हाई स्पीड लिफ्ट की सुविधा, सातों दिन 24 घंटे पानी की सुविधा, लिफ्ट व कॉमन एरिया में पॉवर ब्रेकअप, परिसर में स्ट्रीट लाईट, पूर्ण विकसित गार्डन व बच्चों के खेलने के उपकरण एवं ड्रेनेज सिस्टम लगाए गए हैं।

## मजबूत निर्माण कार्य

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार पूर्व में निर्माण किए गए साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज़ में रहने वाले लोगों का उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिला है। यहां रहने वाले लोगों को बिजली, पानी, सड़क की सारी सुविधाएं भी दी गई है। इसी तरह एक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत मेन्स नमन रेसिडेंसी के रूप अशोक नगर पानी टंकी के पास में की गई है, जिसका मजबूत निर्माण किया जा रहा है।


वर्तमान चित्र

**साकेत अपार्टमेंट** और **मेन्स मीडोज़**
जैसे भव्य निर्माणों की अगली कड़ी

# मेन्स नमन रेसिडेंसी

बेहतरीन लोकेशन | मजबूत निर्माण | सबसे किफायती दाम



**साईट पता : अशोक नगर, पानी टंकी के पास सरकण्डा, बिलासपुर**

**1 & 2 BHK प्रीमियम अपार्टमेंट्स**
**सिर्फ ₹ 21.50 लाख से शुरु**

आसान फायनेंस सुविधा

**176 अत्याधुनिक एवं सर्व-सुविधायुक्त फ्लैट्स**

24/7 सिक्योरिटी | पावर बैकअप | किड्स प्ले एरिया | गेटेज कम्युनिटी | प्राईम लोकेशन

T&C APPROVED

बुकिंग के लिए हमसे संपर्क करें

**9926900549, 9424164567, 9926900536**

कार्यालय : मेन्स कंस्ट्रक्शन, कुबेर प्लाजा, प्रथम तल, दुकान नंबर 29-31, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)

# बिलासपुर का क्रॉऊन न्यू टॉउन

ORA MAKERS
*Own your real asset.*



बिलासपुर। शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। लगभग 45 एकड़ में विकसित होने वाला यह भव्य टाउनशिप न केवल रहने की दृष्टि से श्रेष्ठ है, भविष्य में 100 एकड़ तक विकसित होने की संभावना है। बल्कि निवेश के लिए भी एक बेहतरीन अवसर प्रस्तुत करता है। आधुनिक डिजाइन, प्राकृतिक सौंदर्य और सुरक्षित वातावरण से सुसज्जित यह प्रोजेक्ट बिलासपुर की प्रीमियम लाइफस्टाइल को एक नई पहचान देगा।



## प्रोजेक्ट के विज़न पर एक नज़र

टाउनशिप को "भविष्य के शहर" की अवधारणा पर आधारित कर तैयार किया जा रहा है, जहां हर सुविधा पैदल दूरी पर और जीवनशैली अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी। डेवलपर्स का कहना है—"हमारा लक्ष्य सिर्फ मकान देना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां हर परिवार सुरक्षित, खुशहाल और गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सके।"




## विशेष आकर्षण एवं आधुनिक सुविधाएँ

भव्य प्रवेश द्वार जो शुरुआत में ही प्रोजेक्ट की प्रीमियम क्वालिटी दर्शाता हैखूबसूरत लैंडस्केप गार्डन, फूलों का ज़ोन, फव्वारे और हरियाली से भरा वातावरण बच्चों के लिए सुरक्षित प्ले एरिया, फैमिली बैठने की जगह, और जॉगिंग ट्रैक पूरी टाउनशिप में कंक्रीट सड़कें और सुव्यवस्थित फुटपाथ शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता भव्य मंदिर अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम, उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्बाध बिजली के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर और मजबूत इलेक्ट्रिफिकेशन, स्ट्रीट लाइट्स से रोशन संपूर्ण परिसर पर्यावरण संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम रजिस्टर्ड सोसाइटी और समर्पित सोसाइटी कार्यलिय पूरी तरह से सुरक्षित वातावरण के लिए 24×7 सुरक्षा व्यवस्था।

## निवेश के लिए सुनहरा अवसर

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि बिलासपुर में तेजी से बढ़ते विकास के कारण यह टाउनशिप भविष्य में अत्यधिक मूल्यवान साबित होगी।बढ़ता शहरप्रमुख लोकेशनों की बढ़ती मांग सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रोजेक्ट इन कारणों से यह निवेशकों के लिए भी एक शानदार मौका है।



## लोकेशन का बड़ा फायदा

इस प्रोजेक्ट की लोकेशन इसे और भी खास बनाती है। प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों के करीब मुख्य बाज़ार और सुविधाओं तक आसान पहुंच शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से सुगम कनेक्टिविटी शांत, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त वातावरण। सभी बातें इसे परिवारों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं।

## क्लब न्यू टाउन – प्रोजेक्ट का दिल

इस टाउनशिप का भव्य क्लबहाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जो हर आयु वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है।यहां की सुविधाएँ जीवनशैली मेंखुशी, आराम, मनोरंजन और वेलनेस का सुंदर संतुलन लाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

## विश्वसनीय बैंक फाइनेंस की सुविधा


इस विशाल और आधुनिक टाउनशिप को वित्तीय संस्थानों का भी मजबूत सहयोग प्राप्त है। प्रोजेक्ट के लिए देश के तीन प्रमुख बैंक—SBI, HDFC और ICICI Bank—द्वारा होम लोन फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।सरल दस्तावेज़ प्रक्रिया, तेज़ स्वीकृति और आकर्षक ब्याज दरों के साथ यह प्रोजेक्ट निवेशकों व खरीदारों के लिए और भी अधिक सुविधाजनक तथा विश्वसनीय विकल्प बन जाता है।

**निष्कर्ष: यह टाउनशिप केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक भविष्य-सुरक्षित, आत्मनिर्भर और अत्याधुनिक जीवनशैली का प्रतिरूप है। "यह सिर्फ एक घर नहीं एक अनुभव है—जिसे हर कोई अपने नाम करना चाहेगा।"**


Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

ORA MAKERS
Own your real asset.





WORLD CLASS AMENITIES
A MASTERPIECE BUILT FOR THE MODERN ELITE
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.

A PREMIUM TOWNSHIP OF
2,3,4 & 5 BHK
INDEPENDENT BUNGALOWS & DEVELOPED PLOTS

- Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
- Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
- Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy

09893113444/ 9893128333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)





# खुशियों का नया पता है अलास्का होम्स

## बिलासपुर में बनाएं अपने सपनों का घर

**बिलासपुर। अगर लोग अपने सपनों का आशियाना बनाने की सोच रहे हैं, तो उनकी खुशियों का नया पता ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। अलास्का होम्स में उन्हें सारी खुशियों के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकती है।**

अलास्का होम्स एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहा है। अगर कोई शहर में अपने सपनों का आशियना बनाना चाहता है तो उन्हें इसके लिए कहीं बाहर जाने की जरुरत नहीं है।

अलास्का होम्स बिजौर-बहतराई रोड के बीच में 13 एकड़ के क्षेत्र में रेरा एप्रूव्ड बेहतरीन टाउनशिप शुरू कर रहा है, जिसमें लोग निवेश कर सकते हैं। यह कालोनी पूरी तरह से शासन के नियमों का पालन करते हुए विकसित की जा रही है, जिसमें मजबूत स्ट्रक्चर और इंजीनियरों की देखरेख में शानदार मकान का निर्माण हो रहा है। अलास्का होम्स लोगों की जरूरतों को पूरा करते हुए टीएनसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है, जो हरियाली से पूर्ण स्थान पर स्थित है। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, जिसका अलास्का होम्स में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यहां बनाए गए मकानों की बुकिंग के लिए ग्राहकों की होड़ लग गई है। शीघ्र ही लोग अपने मनपसंद आवास की बुकिंग करा सकते हैं। यह शहर के नजदीक होने के साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल व स्कूल के काफी नजदीक है, जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

A Project By
M/s Maa Shanti Construction

### स्वतंत्र आवासीय कालोनी

संचालक अनुराग शुक्ला एवं आनंद सोमावार ने बताया कि अलास्का होम्स में 141 मकानों की स्वतंत्र आवासीय कालोनी है, जिसे आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। सुरक्षागत कारणों से सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। रात में स्ट्रीट लाइट पूरी कालोनी में उपलब्ध है। अलास्का होम्स के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा दी जा रही है, जिससे जमीन पर जल संचय अधिक से अधिक होगा। प्रतिवर्ष हजारों लीटर पानी बरसात में अलास्का होम्स के भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए प्रयोग किया जा रहा है।


वास्तविक फोटो




**Loan Available in All Nationalized Banks...**

State Bank of India — THE BANKER TO EVERY INDIAN | HDFC HOME LOANS — WITH YOU, RIGHT THROUGH | MEMBER OF CREDAI

### पाइए किराए के घर से आजादी अपने घर की अपनी बात

हर किसी का सपना होता है कि उसका खुद का घर हो। किराए के घर से निकलकर अपना घर लेना-यह सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि जिंदगी का सबसे बड़ा संतोष है। बिजौर बहतराई रोड पर माँ शांति कंस्ट्रक्शन की एक ऐसी योजना हैं जो इस सपने को पूरा करने में मदद करती हैं। बढ़ती महंगाई के बीच जब बिल्डर्स और सरकारी एजेंसियां सस्ते ब्याज दरों, लचीली EMI योजनाओं और पार्क, मंदिर जैसी सुविधाओं के साथ प्रोजेक्ट्स लेकर आ रही हैं, तो आम आदमी का सपना सच होता नजर आता है। आज बिलासपुर के कई परिवारों ने पहली बार अपना घर अलास्का होम्स में खरीदा है। "अच्छी नौकरी है, ठीक-ठाक सैलरी है, लेकिन अब भी किराए के घर में रहते हैं-यह वाक्य अब कई लोगों के जीवन से मिटता जा रहा है।

### रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट



अलास्का होम्स के संचालक अनुराग शुक्ला व आनंद सोमवार ने बताया कि बहतराई-बिजौर पर स्थित 13 एकड़ में करीब 141 से अधिक मकान बनाए जा रहे हैं। इस स्वतंत्र आवासीय कालोनी में बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। यह शहर के करीब होने के साथ-साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल एवं स्कूल के काफी नजदीक है। निर्मित आवासीय परिसर सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त एवं टीएनसी रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है।

### 40 फीट का मुख्य मार्ग



अलास्का होम्स में मकान लेने के बाद रहने वाले लोगों को भी काफी सुविधाएं मिलेगी। बहतराई से बिजौर मार्ग पर बनाए जा रहे इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए कालोनी एंट्री गेट के मुख्य मार्ग को 40 फीट का बनाया गया है। जो कॉलोनी में प्रवेश के लिए सुविधा जनक है और भव्यता का एहसास करता है। वहीं 30 फीट आंतरिक मार्ग कंक्रीट से बनाया गया एक बड़ा सा गार्डन भी स्थित है।

### योग के लिए ग्रीन गार्डन



अलास्का होम्स में निवास करने वाले लोगों के लिए अन्य सुविधाएं भी दी गई है, जिसमें एक भव्य मंदिर के साथ बच्चों के मनोरंजन की सुविधा, योग के लिए गार्डन, 24 घंटे बिजली पानी की व्यवस्था, अंडरग्राउंड नाली जिसमें मच्छर मक्खियां न आ सकें। अलास्का होम्स के पास ही बिरला पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल और वाटर पार्क भी स्थित है। यहां वर्तमान में 30 से अधिक खुशहाल परिवार निवासरत हैं।

### 10 मीटर की दूरी पर मार्केट



बिजौर से बहतराई के बीच में बनाए गए अलास्का होम्स में आवासीय स्वतंत्र मकान लोगों के बेहतर सुविधा के लिए बनाए गए हैं। अलास्का होम्स से लगा हुआ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, अपोलो हास्पिटल की दूरी 5 से 10 मिनट, बाजार की दूरी 10 मिनट की, रेलवे स्टेशन की दूरी 15 मिनट की, साइंस कालेज, नवीन कन्या महाविद्यालय की दूरी 5 मिनट की है।

**Contact for Site Visit & Booking : 70899-99550, 70499-99550**

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 30 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 सड़क योजनाः निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठे सवाल









## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल आज

**अंबिकापुर।** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल का आयोजन सरगुजा में किया जाएगा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विगत दिनों जिला कबड्डी संघ द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 35 से अधिक महिला पुरुष की टीम ने हिस्सा लिया था। जिला स्तर के बाद अब अब 5 से 7 दिसंबर तक बलौदाबाजार के भाटापारा में 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर (बालक / बालिका) कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान ही छत्तीसगढ़ कि कबड्डी टीम का चयन भी किया जाएगा जिन्हें राष्ट्रीय ओपन जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में शामिल होने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर चैम्पियनशिप मे शामिल होने के लिए सरगुजा जिला कबड्डी संघ ने 30 नवंबर रविवार को ट्रायल मैच रखा है जिसमें विगत दिनों जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल टीमों के महिला और पुरुष खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। ये ट्रायल अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम के अंदर स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में सुबह 9 बजे से आयोजित है। आयोजन को लेकर कबड्डी संघ द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्व विजेता भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप जीतने की बधाई और शुभकामना दी गई। साथ ही उस टीम में शामिल छत्तीसगढ़ की महिला कबड्डी खिलाड़ी सुश्री संजू देवी के बेहतरीन खेल और फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय महिला कबड्डी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

### अस्मिता खेलो इंडिया लीग के तहत विमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस आज

**अंबिकापुर।** खेलो इंडिया एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) के तत्वाधान में अस्मिता विमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस 2025 का आयोजन 30 नवंबर को अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम स्थित लॉन टेनिस ग्राउंड में 9 बजे से प्रारंभ किया जा रहा है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में पहली बार सॉफ्ट टेनिस जैसे महत्वपूर्ण खेल का आयोजन होना है। उन्होंने बताया कि इस अस्मिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता में 200 से अधिक बालिका खिलाड़ी ने अपना पंजीयन कराया है। विशेष रूप से आमंत्रित इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस बालिका खिलाड़ी कु. रिमा राय एवं राष्ट्रीय मेडलिस्ट कु. चंचल सारथी और कु. पूर्णिमा प्रतिकार उपस्थित रहेंगे। सरगुजा में ऐसे आयोजनों से सॉफ्ट टेनिस खेल का तेजी से प्रचार-प्रसार होगा।

## हाथियों का पारंपरिक मार्ग नहीं होने के कारण वन अमला व ग्रामीण थे निश्चिंत

# 25 किमी की दूरी तय कर दंतैल पहुंचा बिसाही नवापारा बस्ती में, ली पति-पत्नी की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/सोनगरा

**खास बात**

- ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लगाया हाथियों की सूचना नहीं देने का आरोप

लम्बे समय से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के विभिन्न जंगलों में भ्रमण कर लोनर दंतैल रातो रात 25 किमी की दूरी तय कर वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कपसरा अंतर्गत बिसाही नवापारा के मुराडांड पारा बस्ती में दाखिल हो गया। दंतैल ने अपने घर के पास खलिहान में सो रहे दम्पति की जान ले ली।

बताया जा रहा है कि लोनर दंतैल पहले भी कई बार आसपास के जंगलों में गया है लेकिन कभी इतनी लम्बी दूरी तय नहीं की। दंतैल के घुई जंगल की ओर जाने की संभावना पर वनकर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इधर दंतैल अपने पारंपरिक मार्ग को छोड़कर पोड़ी कपसरा अनरोखा जंगल के रास्ते बीती रात ढाई बजे बिसाही नवापारा के मुराडांड बस्ती में पहुंच गया। बिसाही नवापारा बस्ती के आसपास कभी हाथी नहीं पहुंचा था इसलिए ग्रामीण भी निश्चिंत थे। वन अधिकारियों को भी दंतैल के गांव में पहुंचने की संभावना नहीं थी लिहाजा न तो वनकर्मियों ने दंतैल की निगरानी की न ही इसकी सूचना ही किसी को दी। बताया जा रहा है कि वन अमले को दंतैल के पहुंचने की सूचना तक नहीं थी। इधर मुराडांड निवासी कविलास राजवाड़े (45वर्ष) एवं उसकी पत्नी धनियारों (41 वर्ष) घर के पास ही धान की रखवाली करने खलिहान में सोए थे। दंतैल कविलास के घर की दीवार को ढहाने के बाद खलिहान में पहुंच गया तथा पति-पत्नी को पटकने के बाद कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने खलिहान में दंपती का क्षत-विक्षत शव देखा तो भटगांव पुलिस को सूचना दी। सूचना पर वन व पुलिस अमला पहुंचा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृतक के परिजन को सहायता राशि प्रदान की।



रेंजर से चर्चा करते पूर्व विधायक।

### ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

दंतैल के हमले में एक साथ दंपती की मौत होने से ग्रामीणों ने वन अधिकारियों के समक्ष जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों पर हाथियों की निगरानी के नाम पर खानापूर्ति करने एवं समय पर हाथियों की मौजूदगी एवं भ्रमण की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर दंतैल के भ्रमण की जानकारी मिल जाती तो दंपती की जान बच सकती थी। इधर वन अधिकारियों का कहना है कि हाथी हमेशा अपने पारंपरिक मार्ग से आवागमन करते हैं तथा कभी किसी कारण से भटकते भी है तो तुरंत अपने मार्ग को पकड़ लेते हैं। बिसाही नवापारा बस्ती हाथियों के पारंपरिक मार्ग से काफी दूर है इसलिए निश्चिंत थे। वन अधिकारी दंतैल के मस्त में होने की भी संभावना जता रहे हैं। वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत मोहनपुर जंगल में एक अन्य लोनर दंतैल भ्रमण कर रहा है। घटना के पांच साल पूर्व भी गांव में हाथी पहुंचे थे लेकिन थोड़ी देर बाद ही वापस लौट गए थे।

### बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

बताया जा रहा है कि मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री है। दंतैल के हमले में माता-पिता की मौत होने के बाद बच्चे अनाथ हो गए हैं तथा रोक-रोकर उनका बुरा हाल है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। कविलास छोटी सी खेती के भरोसे अपने परिवार का गुजारा करता था। एक दिन पूर्व ही उसने अपने धान की मिसाई की थी तथा अंधेरा होने के कारण धान को खलिहान में ही छोड़ दिया था।



### परिजन से मिले जनप्रतिनिधि

घटना की सूचना पर शनिवार को सुबह पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, जिपं सदस्य अनुज राजवाड़े, तहसीलदार शिव नारायण राठिया, थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, वनपरिक्षेत्राधिकारी उमेश वस्त्राकार सहित अन्य वन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा परिजन एवं ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने परिजन को ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### दी गई है सहायता राशि

दंतैल जंगल के रास्ते लम्बी दूरी तय कर बस्ती में पहुंचा था जिसकी सूचना किसी को भी नहीं थी। मृतक के परिजन को 50 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-उमेश वस्त्राकार
वन परिक्षेत्र अधिकारी, सूरजपुर

# झोलाछाप डॉक्टर को बालिका का उपचार कराना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तबीयत बिगड़ने से बालिका की मौत,

जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में आज भी जागरूकता की कमी है। हालांकि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके ग्रामीण अस्पताल के बजाए झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराते है जिसका खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है। दरिमा क्षेत्र निवासी एक परिवार को झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना उस समय महंगा पड़ गया जब बीती रात अचानक तबीयत बिगड़ने से बालिका की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा खुर्द निवासी लक्ष्मी वैष्णव आ. राजेश्वर प्रसाद वैष्णव (14 वर्ष) 26 नवम्बर को पेट में दर्द होने की शिकायत की। जिस पर बहन मोकेश्वर वैष्णव ने अमिन वैष्णव के साथ बालिका का इलाज व जांच करने करजी चौक समीप स्थित वैष्णव क्लीनिक लेकर गई। जहां क्लीनिक संचालक ने बालिका की जांच कराने के पश्चात दो इंजेक्शन और टेबलेट व सिरप दिया। बीती रात खांसी आने पर बालिका सिरप पीने लगी तभी उसकी तबीयत और भी बिगड़ गई। परिजन देर रात रामानुज वैष्णव, राकेश सिंह, राहुल वैष्णव के साथ बोलेरो से आनन-फानन में बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## जनजातीय महोत्सव पर कार्यशाला विद्यार्थियों ने लगाई प्रदर्शनी

**वाड्रफनगर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय रघुनाथ नगर में जनजातीय गौरव महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने कर्म नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। संस्था प्रभारी रेवती प्रसाद ने जनजाति समाज की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांतीय सदस्य मेहीलाल सिंह आयाम ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक योगदान, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक दृष्टि पर व्याख्यान दिया। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुखनाथ मरावी ने जनजातीय समाज की समाजसेवी माता राज मोहिनी के प्रेरक कार्यों का उल्लेख किया। नपं अध्यक्ष मान सिंह मरकाम ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संघर्ष, संस्कृति और समकालीन सामाजिक स्थितियों की चर्चा की। सरपंच रघुवीर सिंह नेटीयां, महाप्रसाद श्यामले, राजू सिंह मरकाम, आशुतोष सिंह मरावी ने भी अना विचार व्यक्त किया। सहायक प्राध्यापक डॉ.भूपेंद्र नाथ ने जनजातीय समुदाय की परंपराओं, सांस्कृतिक महत्ता और आधुनिक समय में उनके योगदान पर व्याख्यान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जनजातीय व्यंजन, आभूषण एवं अन्य पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई।

# सरगुजा में बाल कृष्ण पाठक को फिर से मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बलरामपुर में हरिहर यादव व सूरजपुर में शशि सिंह कोर्राम पर जताया भरोसा







लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार एआईसीसी ने कांग्रेस जिलाध्यक्षों के नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। संगठन सृजन अभियान के तहत लिए गए अभिमत के बाद सरगुजा में वरिष्ठ नेता बाल कृष्ण पाठक को फिर से कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया गया है लेकिन बलरामपुर और सूरजपुर जिले में बड़ा फेर बदल हुआ है। बलरामपुर में केपी सिंहदेव के स्थान पर अधिवक्ता हरिहर प्रसाद यादव जम्मेदारी सौंपी गई है जबकि सूरजपुर जिले में भगवती राजवाड़े के स्थान पर युवा नेत्री शशि सिंह पर पार्टी ने भरोसा जताया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद समर्थकों में हर्ष का माहौल है। बता दें कि प्रदेशभर में कांग्रेस जिलाध्यक्षों के नियुक्ति ⏭ शेष पेज 4 पर

### दूसरी बार चुने गए जिलाध्यक्ष

सरगुजा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाल कृष्ण पाठक की बात की जाए तो वे दूसरी बार जिलाध्यक्ष चुने गए है। पूर्वी डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के करीबी बाल कृष्ण पाठक की क्षेत्र में पकड़ मजबूत है। 6 महीने पहले ही उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया था और उसके बाद उन्होंने पार्टी को एक साथ लेकर चलने का प्रयास किया और पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया। यही वजह है कि एक बार फिर से पार्टी ने उनपर भरोसा जताया है।

### वरिष्ठ नेता हरिहर यादव को मिली कमान

बलरामपुर जिले में भी संगठन सृजन के तहत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। छह माह पूर्व जिलाध्यक्ष बनाए गए केपी सिंहदेव को हटाया गया है। उनके स्थान पर पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधिवक्ता हरिहर प्रसाद यादव को जिम्मेदारी सौंपी है। वे विगत 40 वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए है। वाड्रफनगर के कोटराही निवासी हरिहर यादव दो बार ब्लॉक, ब्लॉक महामंत्री के साथ ही वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। हरिहर यादव की पकड़ सभी खेमों में है इसलिए उन्हें इसका लाभ मिला है।

### सूरजपुर में टीम राहुल से शशि सिंह

सरगुजा के बाद अगर सूरजपुर जिले की बात की जाए तो यहां पार्टी में बड़ा फेरबदल हुआ है। विगत 7 वर्षों से जिलाध्यक्ष की कमान संभाल रही भगवती राजवाड़े को हटाया गया है और उनके स्थान पर पर युवा नेता शशि सिंह कोर्राम को जिम्मेदारी दी गई है। शशि सिंह राज्यमंत्री रह चुके तुलेश्वर सिंह की बेटी है और टीम राहुल की सक्रिय सदस्य है। शशि सिंह ने हाल ही में सरगुजा लोकसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था। हालांकि चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा लेकिन इससे उनकी जिलाध्यक्ष की दावेदारी मजबूत हुई। सूरजपुर जिले में भी भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, शशि सिंह सहित 11 ने अपनी दावेदारी की थी लेकिन एआईसीसी ने शशि सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है।






### शीत लहर प्रबंधन हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** शीतलहर से बचाव हेतु वर्ष 2025-26 के लिए अधिकारियों को जिला एवं तहसील स्तर पर शीत लहर प्रबंधन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमें डिप्टी कलेक्टर सरगुजा उमा राज को जिला स्तर नोडल अधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख अम्बिकापुर दीपिका दुबे को जिला स्तर सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार अंबिकापुर उमेश्वर सिंह बाज, तहसीलदार उदयपुर विकास जिंदल, तहसीलदार लुण्ड्रा चित्रलेखा चन्द्रवंशी, तहसीलदार लखनपुर अंकिता पटेल, तहसीलदार बतौली गोविन्द कुमार सिन्हा, तहसीलदार सीतापुर रूपाली मेश्राम, तहसीलदार मैनपाट ममता रात्रे, तहसीलदार दरिमा अमन चतुर्वेदी को उनके तहसील स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नौनिहालों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शनिवार को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नौनिहालों ने मनेन्द्रगढ़ शहर में स्थित रिलायंस मार्ट का एक रोचक और शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को बाजार की अवधारणा से परिचित कराना था, जहां वे समझ सकें कि सामान कैसे खरीदा और बेचा जाता है। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के उत्पाद देखकर और उनके बारे में जानकर खूब आनंद लिया, इसके साथ ही बच्चों ने कई उत्पादों जैसे पेंसिल, चिप्स, बिस्किट इत्यादि के क्रय का आनंद लिया।

### एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर के उपलक्ष्य में छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाल कवि मेहर जैन की प्रभावशाली एड्स जागरूकता कविता से हुई। कविता में मेहर जैन ने संदेश दिया कि एड्स नहीं छूने से फैले इससे न हम घबराए, इनको भी सम्मान मिले, मिलकर हम मुस्काए
चार कारण से एड्स फैलता- हम सबको ये बतलाए संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त हम सबको ये सिखलाए, एआरटी से लिंक कराकर परामर्श लेते रहना, संतुलित भोजन रोज करें। मेहर जैन का है कहना कविता के माध्यम से उन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों-छूने, पास बैठने या साथ भोजन करने से एड्स फैलता है को दूर करने का प्रयास किया।

### भव्य बॉलीवुड यात्रा ने दर्शकों को मोहा



**मनेन्द्रगढ़।** सेंट पैट्रिक अकादमी ने हाल ही में अपने शानदार वार्षिक दिवस 2025-26 को सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया। स्कूल का पूरा परिसर एक चमकदार मंच में बदल गया था, जिसका आकर्षक विषय था बॉलीवुड विभिन्न समयों के माध्यम से एक यात्रा। प्रिंसिपल रेव्ह. ब्रो. शाजू थॉमस और मैनेजर रेव्ह. ब्रो. जॉर्ज एजे के सक्षम नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया, बल्कि मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। वार्षिक दिवस को कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति से गौरव मिला। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, जिला एमसीबी का बड़े सम्मान के साथ स्वागत किया गया। स्कूल को सम्मानित अतिथि ए टोप्पो एसडीओपी, जिला-एमसीबी और रेव्ह. ब्रो. सोलोमन अलेक्जेंडर मैनेजर सेंट पैट्रिक अकादमी रावेलुपालेम एपी की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला।

### निलंबन निर्देश के बाद पद पर जमे है बीईओ

**प्रतापपुर।** एस. जयवर्धन द्वारा विद्यालय शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक में प्रतापपुर के प्रभारी बीईओ मुन्नूलाल धुर्वे के निलंबन का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में नाराजगी सामने आ रही है। 16 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रतापपुर ब्लॉक की शैक्षणिक गतिविधियों बोर्ड परीक्षा की तैयारी, अशासकीय विद्यालयों की जांच, गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन योजना और फील्ड निरीक्षण व्यवस्था में भारी अव्यवस्था पर असंतोष जताया। साथ ही आदेश-निर्देशों की लगातार अवहेलना, निरीक्षणों में लापरवाही और विभागीय कर्तव्यों में गंभीर कमी को देखते हुए कलेक्टर ने बीईओ धुर्वे को कड़ी फटकार लगाते हुए निलंबन कार्रवाई हेतु प्रस्ताव संभागायुक्त को भेजने का निर्देश जिला शिक्षा विभाग को दिया था। हैरानी की बात है कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी और बीईओ मुन्नू लाल धुर्वे आज भी उसी पद पर जमे हुए हैं।

### सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रशांत सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आरोग्य मंदिर रजौली, सिंघोर, उग्यांव का निरीक्षण कर मितानिन संकुल बैठक व ग्राम अमृतपुर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में आमजन को एचआरपी केस जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं, शिशु स्वास्थ एवं फैमली प्लानिंग के बारे में आवश्यक जानकारी व सुझाव दे कर अन्य राष्टीय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

---

### संचालक पर अपराध दर्ज, अंगूठा लगवाकर किया फर्जी वितरण, तेंदुआ का मामला

# पीडीएस दुकान में 11 लाख का खाद्यान्न घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम तेंदुआ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न व्यपवर्तन (डाइवर्जन) का मामला सामने आया है।

खाद्य निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की संयुक्त जांच में दुकान के स्टॉक से करीब 10.95 लाख रूपए मूल्य का चावल और नमक गायब पाया गया। मामले में दुकान संचालक रमाशंकर साहू के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच टीम ने 24 से 26 नवंबर के बीच दुकान का भौतिक सत्यापन किया। रिपोर्ट के मुताबिक चावल 275.08 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 10,86,816 रूपए, नमक 7.73 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 8,028 रूपए आंकी गई है। कुल मिलाकर 10,94,845 का खाद्यान्न दुकान स्टॉक में कम पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि विक्रेता रमाशंकर साहू दुकान को नियमित रूप से नहीं खोलते थे और कई हितग्राहियों से बिना अनाज दिए ही अंगूठा लगवाकर वितरण दिखा दिया जाता था। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 11(5), 11(11), 12(3), 13(1), 13(2) और 15 का गंभीर उल्लंघन पाया गया। पूरी जांच रिपोर्ट खाद्य निरीक्षक सुश्री अनिता द्वारा प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर कलेक्टर कार्यालय ने दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। थाना पटना में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने मामले में अपराध पंजीबद्ध करते हुए प्रधान आरक्षक सतेन्द्र तिवारी को विवेचना सौंपी है। पुलिस अब खाद्यान्न व्यपवर्तन के पूरे तंत्र की जांच करेगी।



ग्राम तेंदुआ की पीडीएस दुकान।

### फरार चोरी आरोपी गिरफ्तार, पोड़ी पुलिस को सफलता



**वेस्ट चिरमिरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में जिलेभर में नशीले पदार्थों व चोरी की वारदातों पर रोक लगाने पुराने मामलों की तेजी से समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना पोड़ी की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी पोड़ी निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड को समीक्षा के दौरान पता चला कि अपराध क्रमांक 67/2025, धारा 305 (1), 311(4) भारतीय न्याय संहिता का नामजद आरोपी बिनेश्वर बंसल उर्फ कल्लू निवासी वार्ड क्रमांक 1 केराडोल, लगातार फरार था और विभिन्न स्थानों पर छिपकर रह रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने चरचा थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने चोरी का माल बरामद करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड़, सहायक उप निरीक्षक कमलेश पांडे, प्रधान आरक्षक सुरसेन तिर्की, आरक्षक संतोष सिंह, नवीन कुमार, यशवंत सिंह, विनय तिवारी, राजू गुप्ता, प्रदीप पांडे तथा थाना पोड़ी के अन्य कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## सड़क योजना: निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज़. मनेन्द्रगढ़

पसौरी अटल चौक से बुलांकीटोला मध्यप्रदेश सीमा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण शुरू हुए दो महीने हो चुके हैं, लेकिन कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।

घोघराटोला में दो स्थानों पर नल-जल पाइप लाइन टूट जाने से पानी की आपूर्ति बंद है ,जिसे लेकर ग्रामीण लगातार परेशान हैं। इसके बावजूद अब तक पाइप लाइन दुरूस्त कराने की कोई पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में 70 प्रतिशत डस्ट और मात्र 30 प्रतिशत गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है ,जिससे सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है। निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इसी मुद्दे को लेकर ग्राम बुलांकीटोला के ग्रामीण 4 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे।

## द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर



**चरचा कॉलरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा आयोजित विकासखंड/संकुल स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। शिविर स्थल हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडर स्कूल चरचा निर्धारित किया गया था, जहां जिलेभर से स्काउट-गाइड विद्यार्थी प्रशिक्षण के पहुंचे और सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। शिविर संचालक सुनील कुमार बड़ा शाउमाशि चिताझोर पोड़ी, सहायक संचालक निशांत आरा, हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक कु. ममता सिंह, शाउमावि कोरिया कॉलरी, प्रशिक्षक राजाराम देवांगन, हिन्द विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक विकल्प श्रीवास्तव, शाउमावि पोड़ी, प्रशिक्षक अमरनाथ सिंह शापूमाशा बाघपारा चरचा आदेश में सभी नियुक्त प्रशिक्षकों को निर्धारित तिथियों पर समयानुसार शिविर स्थल में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जय बाजपेई, व्हीके भट्ट, पार्षद रामकली पाल, नीरज गुप्ता उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित, आत्मनिर्भर और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण बनाने वाली सीख है। अतिथियों ने प्रतिभागियों को स्काउट पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर मिंटू कुमार, जयदेव पांडे, खुशबू यादव, मेघा तिवारी, निशा राय, मंजू केवट, दयानंद ठाकुर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने आवास हितग्राहियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज़. बैकुण्ठपुर



हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक पक्का मकान हो, इसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया गया है। वंचित वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए शासन द्वारा सीधे अनुदान राशि हितग्राहियों को खातों में प्रदान की गई है। आप सभी जल्द अपने काम को पूरा करें और मौसम की परेशानियों से दूर होकर निश्चिंत होकर रहें।

उक्ताशय के विचार जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत जमगहना में आवास हितग्राहियों से संवाद करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के निर्देशन में पूरे जिले में आवास हितग्राहियों को जल्द अपने मकान पूर्ण कराने के लिए निरंतर जन चौपाल लगाई जा रही हैं। गत दिवस ग्राम पंचायत जमगहना में आवास हितग्राहियों के लिए एक सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत महोरा एवं खाड़ा के आवास हितग्राहियों को भी सम्मिलित किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया द्वारा समय-सीमा के भीतर आवास पूर्ण किए जाने के लिए आवास हितगहियों से चर्चा की गई एवं जिन हितग्राहियों के द्वारा समय पर आवास पूर्ण किया गया उनके द्वारा अपना अनुभव साझा कराते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान आवास हितग्राही दशरथ एवं श्रीमती नीता सहित कई हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया और सभी आवास हितग्राहियों से अपने अपने आवास को समय से पूर्ण करने की अपील की। इस आवास सभा में हितग्राहियों के बीच जिला पंचायत से महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की टीम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं जनपद पंचायत ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विशेष कोचिंग कक्षा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज़. मनेन्द्रगढ़

जनकपुर के उन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जो नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने की इच्छा रखते हैं। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी, भरतपुर सच्चिदानंद साहू के निर्देशन में विशेष कोचिंग कक्षा की शुरूआत प्राथमिक शाला बालक जनकपुर में की गई। यह कोचिंग कक्षा जनकपुर नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

कोचिंग का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। विशेष बात यह है कि इस पहल में नगर पंचायत में पदस्थ शिक्षक पूर्णतः निःशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, इससे उन विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन की आवश्यकता है, परंतु नियमित संस्थागत कोचिंग तक पहुंच नहीं है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अनेक शिक्षक व शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सोमेश देवांगन, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल बरेल रवि शंकर सिंह, नरेश यादव, नरसिंह राजपूत एवं प्राथमिक शाला बालक जनकपुर की प्रधान पाठक शारदा त्रिपाठी सहित समस्त स्टाफ सदस्य शामिल रहे।

## शिल्प संसार विषयक 10 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज़. बैकुण्ठपुर




राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत देशज ज्ञान परंपरा के संवर्धन उद्देश्य से आयोजित उद्यमशीलता एवं कौशल उन्नयन के तहत छग की लोक कलाओं का शिल्प संसार विषय पर आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय कार्यालय सरगुजा के अपर संचालक प्रो. रिजवान उल्लाह तथा संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग प्रो. जीए घनश्याम शामिल हुए। समारोह में अपने उद्बोधन में प्रो. घनश्याम ने छात्राओं द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण और महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे एनईपी 2020 के कौशल विकास उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में सार्थक पहल बताया। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा कागज के गुलदस्तों को प्रोत्साहित किए जाने को कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए सकारात्मक प्रयास कहा। अपर संचालक प्रो. रिजवान उल्लाह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्किल डेवलपमेंट की अपार संभावनाओं से भरपूर बताया। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित नवाचार एक अद्भुत विचार पहल को अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायी बताया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार के लिए कौशल विकास को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने ढोकरा एवं मिट्टी शिल्प की सृजन प्रक्रिया में लगने वाले परिश्रम को रेखांकित करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि डॉ. देवांगन ने महाविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसकी कला से होती है, वेशभूषा से नहीं। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न नवाचारों जंतु विज्ञान संग्रहालय, मशरूम उत्पादन इकाई आदि का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कनकलता पैकरा, निर्देशन प्राचार्य डॉ. रजना नीलिमा कच्छप तथा आभार प्रदर्शन वरुण कुशवाहा ने किया।

### विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम कल

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सीजीएसएसीएस, एनएसीओ तथा राष्टीय संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जिले में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जागरूकता कार्यक्रमों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह करेंगी, इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष यशवंती सिंह, महापौर चिरमिरी रामनरेश राय, नपा अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ प्रतिमा यादव, नपं अध्यक्ष झगराखाण्ड रीमा यादव तथा नपं अध्यक्ष लेदरी बिरेन्द्र सिंह राणा उपस्थित रहेंगे।

## एसपी ने परेड का किया निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** रक्षित निरीक्षक केन्द्र आमाखेरवा परेड ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस अधीक्षक ने परेड में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों के टर्न आउट का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

उन्होंने साफ-सुथरी वेशभूषा और अनुशासित प्रस्तुति को पुलिस की पहचान बताते हुए सभी जवानों को स्वच्छ व व्यवस्थित वर्दी धारण करने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट वेशभूषा में उपस्थित अधिकारी-जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक सिंह ने पुलिस विभाग के शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की साफ-सफाई, मशीनरी की स्थिति, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा नियमित रख-रखाव की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी वाहन हमेशा संचालित स्थिति में रहे और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में तत्परता से उपयोग किए जा सकें। कार्यक्रम में शामिल जवानों द्वारा मार्च-पास्ट कर सलामी दी गई।

### राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ फूंका पुतला

## जमीन की सरकारी दरों में बेतहाशा वृद्धि, कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग सरकार द्वारा जमीनों की गाइड लाइन दरों में 10 से 100 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया ने जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कुमार चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।

भवन कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई, इसमें कांग्रेस ने इसे जनता-विरोधी, किसान-विरोधी एवं रोजगार-विरोधी निर्णय बताया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पूरे देश में कहीं भी एक वर्ष में 130 से 500 प्रतिशत तक गाइडलाइन नहीं बढ़ाई गई, परंतु छग में भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि कर दी है, जिससे आम जनता, किसान, छोटे व्यापारियों और रियल एस्टेट सेक्टर पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। बढ़ी हुई गाइड लाइन से मकान, दुकान, फैक्ट्री निर्माण महंगा हो जाएगा, भूमि खरीद-बिक्री लगभग ठप हो जाएगी तथा प्रदेश में बेरोजगारी और आर्थिक मंदी गहराएगी। भाजपा सरकार ने पहले कांग्रेस शासनकाल में दी जाने वाली 30 प्रतिशत छूट समाप्त की और अब गाइडलाइन बढ़ाकर जमीनों की सरकारी कीमतें दोगुनी से भी अधिक कर दी हैं। कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क जमीन की कीमत से भी अधिक हो गया है, जिससे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार घर बनाने का सपना नहीं देख पा रहे हैं।

कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि 5 डिसमिल से कम रजिस्ट्री पर प्रतिबंध, कृषि भूमि की नई गणना पद्धति तथा बढ़ी हुई स्टांप ड्यूटी ने किसानों की जमीनें बेचने तक को असंभव बना दिया है। यह सरकार की अदूरदर्शी और जनविरोधी नीति का परिणाम है, जिससे रियल एस्टेट उद्योग की रीढ़ टूट जाएगी और आर्थिक हालात बदतर होंगे। कांग्रेस ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी।


पुतला दहन करते कांग्रेसी।

## देवाडांड में सब स्टेशन का भूमिपूजन


भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां ब्लॉक के ग्राम देवाडांड़ में शनिवार को 2 करोड़ 91 लाख की लागत से नया 33/11 केवी सब स्टेशन का भूमिपूजन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा किया गया।

सब स्टेशन के स्थापित हो जाने से देवाडांड़ क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। बिजली सब स्टेशन भूमि पूजन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि देवाडांड़ में 33/11 केवी सब स्टेशन बनने से अब ग्रामीण क्षेत्रों को स्थिर और सुचारू रूप से बिजली मिलेगी। यह क्षेत्र के बिजली ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है हमारी सरकार का लक्ष्य है कि क्षेत्र के हर परिवार को बिजली उपलब्ध कराई जाए। देवाडाड़ सब स्टेशन बन जाने से क्षेत्र के कई गांव को लाभ मिलेगा, इससे ग्राम कोचका, लकड़ापारा, गिद्धमुड़ी, देवाडांड़, सलका, सुंदरपुर, मंगोरा, पटपरियापारा, फुनगा, सरसताल, जरौंधा, सकड़ा, बहेराबांध, कटकोना, बेलाकमार को बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस दौरान विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा, कार्यपालन यंत्री एसके खाखा, कार्यपालन यंत्री एनएस आयाम, सहायक यंत्री सुखलाल बघेल, सहायक यंत्री प्रदीप पैकरा, कनिष्ठ यंत्री मुकेश मरावी, कनिष्ठ यंत्री खिलेश्वर सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि धर्मपाल सिंह, रामलखन साहू, पूरन चौबे, सोनमती उरे के साथ काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कनकपुर हाई स्कूल में छात्राओं को वितरण किया गया सायकल

**रामानुजगंज।** जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के कनकपुर हाई स्कूल में छत्तीसगढ़ साशन की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9 वीं की छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता जय प्रकाश गुप्ता, शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, अनोज यादव, राजकुमार यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुशवाहा, पवन गुप्ता, रामवतार यादव, राम प्रवेश सिंह, शिवकुमार यादव, कपिलदेव सिंह, राजेश सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अभाविप जिला संयोजक समेत 50 के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिला कलेक्टर कार्यालय के लोहे के गेट में तोड़फोड़ और उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने 50 से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अभाविप कार्यकर्ताओं पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नारेबाजी करने का आरोप है। इस दौरान एक पुलिसकर्मी को चोट भी आई है। इस मामले में सूरजपुर डीईओ की शिकायत के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। बता दें कि 26 नवम्बर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विकासखंड स्तर पर समस्याओं को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था इसके बाद 28 नवम्बर को अभाविप पदाधिकारी व कार्यकर्ता विद्यालयों की समस्याओं के साथ ही छात्र को रस्सी से लटकाने जैसे मामलों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर 3 बजे अभाविप जिला संयोजक विकास ठाकुर के नेतृत्व में 50 से अधिक लोग संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के समक्ष एनएच 43 पर एकत्रित हुए और उसके बाद कलेक्टोरेट मुख्य द्वार को धकेलते हुए व मौजूद पुलिसकर्मियों से धक्का मुक्की करते हुए वे कलेक्टोरेट परिसर में घुस आए और कलेक्टर चेंबर के बगल में स्थित पोर्च में लगे गेट के लोहे के ग्रिल को झंकझोर कर तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान लोहे का ग्रिल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही धक्का मुक्की के दौरान पुलिसकर्मी को चोट लगी। प्रदर्शनकारियों के 5 मिनट तक परिसर के अन्दर बैठकर नारेबाजी की। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा की शिकायत पर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में अभाविप जिला संयोजक विकास ठाकुर समेत 50 से अधिक लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 190, 191(2) व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 198४ की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज किया है।

शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

# ओड़गी रेंज के जंगलों में पेड़ों की कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

इन दिनों ओड़गी क्षेत्र में पेड़ों की अवैध लंबे समय से जारी है। कुछ क्षेत्रों में लकड़ी की तस्करी की जा रही है तो कई ऐसे क्षेत्र है जहां तस्करी के बजाए गांव में अवैध लकड़ी के फर्नीचर बनाकर खपाया जा रहा है। जिसमें से गए ग्राम पंचायत खर्रा है जहां बड़े पैमाने पर अवैध लकड़ी से फर्नीचर तैयार किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्कर सहित अवैध फर्नीचर तैयार करने वालों के हौसले बुलंद है। क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के सक्रिय हो जाने से ग्रामीणों ने लकड़ी तस्करों सहित बिना अनुमति फर्नीचर तैयार कर रहे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत खर्रा में अवैध इमारती लकड़ी से फर्नीचर बना कर धड़ल्ले से कर रहे बिक्री

क्षेत्र स्थित जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। इधर ग्रामीण भी चंद रुपए के लालच में पेड़ कटाई कर औने-पौने दाम पर बेच देते है। जिले के ओडगी रेंज के जंगलों में इन दिनों लकड़ी की अवैध कटाई अपने चरम पर है। ओडगी मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत खर्रा में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और उससे बनने वाले फर्नीचर का खुला कारोबार चल रहा है। स्थानीय स्तर पर तैयार हो रहे पलंग, दीवान, सोफा सहित कई लकड़ी उत्पाद ने अब वन विभाग की निगरानी पर भी सवाल खड़े कर दिए है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हो रही गतिविधियों की जानकारी वन विभाग तक बार-बार पहुंचाई गई, लेकिन क्षेत्रीय रेंजर द्वारा फोन तक रिसीव करना भी मुनासिब नहीं समझते। ऐस में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही पेड़ों की कटाई से वन विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है। लोगों में चर्चा भी तेजी से फैल रही है कि वन विकास निगम घर-घर लकड़ी पहुंच सेवा' की शैली में काम कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध रूप से कट रहे पेड़ों और बढ़ती फर्नीचर यूनिटों पर विभाग की खामोशी संदेह को और गहरा करती है। लोगों ने लकड़ी तस्करों सहित बिना अनुमति फर्नीचर तैयार कर रहे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



घर के सामने रखे गए अवैध लकड़ी।

### बिना लाइसेंस चल रहा फर्नीचर निर्माण

सूत्रों के मुताबिक ग्राम पंचायत खर्रा में जिस व्यक्ति द्वारा बड़े पैमाने पर लकड़ी का सामान बनाया जा रहा है, उसके पास किसी भी प्रकार का लाइसेंस नहीं है। जबकि फर्नीचर निर्माण के लिए मौके पर पड़े बड़े-बड़े लट्ठे, चिरान की गई लकड़ी और अधूरे फर्नीचर यह दर्शाते हैं कि यहां लंबे समय से अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

**कार्रवाई की मांग**

ओडगी क्षेत्र में लंबे समय से जारी पेड़ों की अवैध कटाई पर तत्काल रोक और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले कुछ साल के भीतर ही जंगल का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। स्थानीय निवासियों ने तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप, नियमित मॉनिटरिंग और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

**आदेश मिलते ही होगी कार्रवाई**

ग्राम पंचायत खर्रा में अवैध लकड़ी से फर्नीचर निर्माण करने के संबंध में डीएफओ को आवेदन भेजा गया हे। आदेश प्राप्त होते ही सर्च ऑपरेशन चलाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-मनोज करियम
डिप्टी रेंजर वन विकास निगम ओड़गी

# व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान मात्र 50 रुपये किया जा रहा मजदूरी भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला उद्योग की रीढ़ माने जाने वाले श्रमिकों की मृत्यु पश्चात भू-आश्रित कोटा के तहत एसईसीएल में नियुक्त किए जा रहे युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान मात्र 50 रुपए प्रतिदिन दिया जा रहा है, जबकि नियम स्पष्ट कहते हैं कि नई नियुक्ति पहले दिन से ही सभी सुविधाओं की हकदार होती है, तो फिर ये विसंगति क्यों हो रही है, इस मामले को लेकर अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के सुजीत सिंह ने एसईसीएल प्रबंधन को एक पत्र प्रेषित किया है, पत्र में उल्लेख किया गया है कि मृतक भू-आश्रित कोटा उन परिवारों के लिए जीवनरेखा है, जिनके सदस्य कोयला खदानों में कार्य करते हुए दुर्घटना, बीमारी या अन्य कारणों से अपनी जान गंवा बैठते हैं, ऐसे परिवारों के युवाओं को नौकरी देकर कंपनी उन्हें संकट से उबारने का दावा करती है, वो युवा, जिनके सिर से परिवार का सहारा उठ गया, जो आर्थिक तंगी में घर की जिम्मेदारी संभालने आते हैं, उन्हें प्रशिक्षण के दौरान महज 50 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मिलता है, इससे न भोजन की पूरी व्यवस्था, न आने-जाने का खर्च, न रहने की सुविधा हो पाता है, पत्र में उल्लेखित है कि कोल इंडिया के स्पष्ट आदेशों के बावजूद वीटीसी प्रशिक्षण में कर्मचारियों को पूरा वेतन न देना न्याय के खिलाफ है, मृतक भू-आश्रित परिवारों के साथ ऐसी नीति अमानवीय है, संघ ने इस व्यवस्था को श्रमिक विरोधी व कोल इंडिया नियमों का उल्लंघन बताकर तत्काल संशोधन की मांग की है, ज्ञात हो कि कोल इंडिया के निर्देशों में स्पष्ट प्रावधान है कि नव नियुक्त कर्मचारी पहले दिन से ही सभी तरह की सुविधाओं और वेतन के पात्र होंगे, प्रशिक्षण अवधि को वेतन–भत्तों में किसी भी प्रकार से बाधा नहीं माना जाएगा, फिर एसईसीएल में 50 रुपए प्रतिदिन की प्रशिक्षण नीति कैसे लागू है, पत्र में मांग की गई है कि वीटीसी प्रशिक्षण अवधि में पूर्ण वेतन जीए/1 कैटेगरी के बराबर देने का आदेश तुरंत जारी हो, 50 रुपए प्रतिदिन की नीति तत्काल समाप्त की जाए, कोल इंडिया के मौजूदा नियमों को एसईसीएल में बिना देरी लागू किया जाने की मांग की गई है।

- बीएमएस ने प्रबंधन को लिखा पत्र

# सशस्त्र जवानों की तैनाती के बावजूद थम नहीं रही कोयला चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- गायत्री खदान में दिन दहाड़े दर्जनों बाइक व छोटे वाहन लेकर रोजाना घुस रहे हैं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में दिन दहाड़े बेखौफ़ होकर दर्जनों ग्रामीण बाइक लेकर कोयला चोरी करने पहुँच रहे हैं, खुलेआम हो रही कोयला चोरी ने न सिर्फ एसईसीएल प्रबंधन की परेशानी बढ़ाई हुई है बल्कि राजस्व शुल्क में भी कई करोड़ रुपये का सालाना नुकसान उठाना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए एसईसीएल कम्पनी सालाना कई करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि खर्च कर रही है, इसमें त्रिपुरा राइफल के हथियाबंद जवान, सीआईएसएफ समेत कम्पनी सुरक्षा अमले का संयुक्त दल अलग अलग जगहों पर तैनात रहते हैं एवं गश्त भी करते हैं, इन सब के बावजूद कोयला चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है जिससे कम्पनी को भारी क्षति उठानी पड़ रही है, इस पुरे मामले में कम्पनी सुरक्षा अमले की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। बताया गया कि कोयला चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से काम करता है, खदान के अलग-अलग हिस्सों से छोटे गिरोह बनाकर बाइक और मिनी वाहनों के जरिए स्टॉक से कोयला को दिन के समय ही चुराया जाता है। इसके अलावा खदान के किनारों पर बने अस्थायी रास्तों का उपयोग कर रात के अंधेरे में भी वाहन लगाकर कोयला चोरी की जा रही है, प्राप्त जानकारी यहां से प्रतिदिन 8 से 10 टन की कोयला चोरी होने व महीने में 150 से 300 टन कोयले के स्टॉक से चोरी हो जाने का अनुमान है, यह नुकसान सीधे राजस्व राशि पर भी है, जिससे शासकीय आय पर असर पड़ रहा है। बड़ी संख्या में खदान के भीतर घुस रहे कोयला चोरों को सशस्त्र जवान व संयुक्त सुरक्षा दल रोकने और पकड़ने में नाकाम दिख रहे हैं।

कोल कर्मचारियों के अनुसार खदानों में ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने और रूट मैपिंग सिस्टम से चोरी पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। उक्त गंभीर मामले को लेकर प्रबंधन को सख्त कदम उठाना चाहिए, कोयला चोरी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।



### अलग अलग सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में एक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना हादसा पलटन घाट के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना आरगाही में हुआ जहां बाइक से बाजार जा रहे तीन लोगों को कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी, जिसमें दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम 7 बजे रामानुजगंज से लावा की ओर जा रहे बाइक सवार चाचा–भतीजा को महावीरगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने पलटन घाट के समीप टक्कर मार दी। दुर्घटना में 25 वर्षीय रामकेवल मानिकपुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 वर्षीय शिवप्रसाद मानिकपुरी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे बलरामपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।एएसआई शिव शरण पैकरा ने बताया कि, रात होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। दूसरी घटना में बाइक सवार आनंद कुशवाहा (25 वर्ष), महेश्वरी देवी (40 वर्ष) और चिंता कुशवाहा (25 वर्ष) बाजार खरीदारी करने गए थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# धान उपार्जन केंद्र बतरा में बनी पेयजल संकट की स्थिति

**बिश्रामपुर।** धान उपार्जन केन्द्र बतरा में पेयजल जैसी मूलभूत समस्या को लेकर किसानों समेत जनप्रतिनिधियों तक परेशान हैं, इस गंभीर समस्या को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती कांति देवी ने महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है, ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बतरा उपार्जन केन्द्र में वर्षों पहले खुदवाया गया बोर किसानों और कर्मचारियों के लिए एकमात्र पेयजल का स्रोत था, इसी बोर के पानी से किसानों की प्यास बुझती थी और उपार्जन केंद्र भी सुचारू रूप से चलता था, लेकिन इस इस वर्ष हुई अत्यधिक बारिश ने पूरे इलाके में पानी भर दिया जिस कारण उपार्जन केंद्र का एकमात्र बोर धंस गया एवं अब पूरी तरह बेकार हो चुका है, बोर के धंसने से किसान, मजदूर, ट्रांसपोर्टर और केंद्र के कर्मचारी सभी पेयजल के लिए इधर-उधर भटकने विवश हैं, कई को मजबूरी में अपने अपने घरों से पानी लाना पड़ रहा है, दुर्भाग्यवश केंद्र के आसपास न कोई हैंडपंप है और न ही कोई दूसरी पानी टंकी की व्यवस्था, उपार्जन केंद्र पर एकत्रित किसानों और वाहन चालकों ने बताया कि उन्हें रोजाना कई किलोमीटर दूर से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ऐसे में पेयजल की अनुपलब्धता किसानों के लिए बड़ी बाधा बन गई है, जनपद सदस्य श्रीमती कांति देवी के अलावा बसंत सिंह, सरपंच, राजकिशोरनगर, सरपंच ग्राम पंचायत करसू, मंड पैकरा, सरपंच सुदामानगर के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन ने भी उक्त समस्या के निराकरण की संयुक्त रूप से मांग की है, ज्ञापन में जनपद सदस्य ने मांग की है कि उपार्जन केंद्र बतरा में नया नलकूप शीघ्र ही खुदवाया जाए, पेयजल की स्थायी व टिकाऊ व्यवस्था बने, उन्होंने बताया कि बगैर पानी के किसानों के लिए पूरे दिन केंद्र पर रहना बेहद दिक्कत भरा हो चुका है। धान उपार्जन केन्द्र बतरा में प्रतिदिन सैकड़ों किसान अपनी उपज बेचने पहुंचते हैं, यहाँ पर कई घंटों तक लाइन में खड़े किसानों के लिए पेयजल का अभाव होना गंभीर समस्या है।

**गुमशुदा की तलाश**



नाम - संतलाल टेकाम
उम्र - लगभग 45 वर्ष
रंग - सांवला
ऊंचाई 5 फीट

दिनांक 25/11/2025 से सूरजपुर से अम्बिकापुर के बीच रेलवे स्टेशन से लापता है जिस किसी को भी इसके बारे में पता चले दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
पता बताने वाले को उचित ईनाम दी जाएगी।
पता - किशुननगर, थाना- गांधीनगर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो- 9301251184, 8236065231
मो- 8815089218, 9340070199

# शराब पीने परिजन ने नहीं दिया पैसा तो ग्रामीण ने पी लिया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने से नाराज हुए ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम सलका निवासी श्रीराम आ. बंधन राम (58 वर्ष) 26 नवम्बर की शाम शराब के नशे में घर पहुंचा और परिजन से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। परिजन ने पैसा नहीं होने से देने से मना कर दिया। इधर शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने से नाराज हुए ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक को पीकर आग तापने लगा। इसी दौरान तबीयत बिगड़ने तथा उल्टी करने लगा। परिजन ने कीटनाशक का गंध आने पर उसे प्रेमनगर अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात सूरजपुर रेफर कर दिया। जहां से रेफर करने पर परिजन श्रीराम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आईसीयू में जगह नहीं होने पर चिकित्सकों ने दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय :- व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट श्रेणी प्रतापपुर, जिला सूरजपुर छ.ग.**
**// ईश्तिहार //**

उत्तराधिकार प्र.क्र.-04/2025
पेशी तिथि-04.12.2025
प्रोसेस क्रमांक-431/2025

**समंस / नोटिस**

सीता कुंवर वगैरह ......आवेदकगण
-: प्रति :-
वनवारी देवा मण्डल वगैरह ......अनावेदकगण

व्दारा:- आम जनता ग्राम गोविन्दपुर तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में आवेदिका/वादीगण सीताकुंवर वगैरह ने वनवासी सेवा मण्डल वगैरह के विरूद्ध उत्तराधिकार प्र.क्र.-04/2025 सीताकुंवर ने वनवासी सेवा मण्डल वगैरह का उत्तराधिकार का प्रकरण प्रस्तुत किया है जिसमें आम जनता ग्राम गोविन्दपुर, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) को इस समंस/नोटिस के जरिये सूचित किया जा रहा है, कि इस न्यायालय में तारीख 04.12.2025 को 11.00 बजे खुद या ऐसे अधिवक्ता के मार्फत जो मुकदमे के कुल हाजिर सवालात के जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई आदमी मौजूद हो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके, मुकदमे का जवाब देने हेतु हाजिर हो जावे।

आप इस न्यायालय मे दावे मे स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, आप लोगो को यह निर्देश दिया जाता है, कि आप उस दिन सब दस्तावेजो को जो आपके कब्जे या शक्ति मे है, पेश करें, जिन पर आप लोगों प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आप लोगो के कब्जे मे हो या अपनी प्रतिरक्षा मुजराई का दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपलब्धा की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

इस समंस/नोटिस/ ईश्तिहार के माध्यम से आम जनता ग्राम गोविन्दपुर, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि यदि आप लोग वर्णित की गई तारीख 04.12.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा।

नोटः- यदि कारण वश पेशी तिथी को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर कि जावेगी, आज तारीख 25.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय मुद्रा लगाकर दी गई है।

(सतीश कुमार खाखा)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट श्रेणी
प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष
ग्राम-तुलसी प.ह.नं....

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक करमेत आ. करमेत जाति गोंड निवासी तुलसी प.ह.नं.....रा.नि.मं..... तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता स्व. टूबल का मृत्यु दिनांक 15/02/1988 को ग्राम तुलसी में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत तुलसी को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11-12-25 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-20/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लटोरी
जिला सूरजपुर छ.ग.

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 3 बजे से 5 बजे तक

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 29 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 06 दिसंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
दिनांक 23 नवम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर में झुनझुनी
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.नीरज प्रसाद
MS, MCH (Neurosurgery)
- सिर की चोट (हेड इंजरी), स्पॉन्डिलाइटिस
- ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, चेहरे पर तिव्र दर्द
- लकवा, मिर्गी, स्लिप डिस्क, साइटिका
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ.भाविक शाह
डी.एन.बी.(मेडिसीन) डी.ए.बी.(गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी., एस.सी.ई.(गैस्ट्रो)
- गैस, उल्टी की समस्या, भुख न लगना
- पीलिया एवं हैपेटायटस की समस्या
- एंडोस्कोपी व कोलोनास्कोपी, पीलिया
छ.ग. के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
MD, DM (Cardiology)
- सीने में दर्द या भारीपन, सॉस लेने में तकलीफ
- अनियमित हृदय गति, सीने में जलन
- लगातार पसीना, नींद न आना, बैचेनी
सुप्रसिद्ध श्वास, छाती, एलर्जी, एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन वर्मा
MD (T.B.& Respiratory Diseaseas)
- श्वांस लेते समय सीने से सीटी जैसी आवाज आना
- खासी में खून आना, रात को सांस लेने में तकलीफ
- रात में नींद की तकलीफ, दोपहर में काफी नींद आना
1.5 TESLA MRI
BLOOD BANK CENTER
CT SCAN AVAILABLE 24/7
30 नवम्बर 2025, माह के पांचवा रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- चेहरे या पूरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हाथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

## खबर संक्षेप



### नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का शहर कांग्रेस ने किया आतिशी स्वागत

**सूरजपुर।** जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात शहर पहुंची शशि सिंह का अग्रसेन चौक पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय डोसी के नेतृत्व में ढोल-नगाड़े, आतिशबाजी व फूल-मालाओं के बीच भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जीएस मिश्रा, सुनील अग्रवाल, विमलेश दत्त तिवारी, महेंदी यादव, महेन्द्र साहू, उपेन्द्र गुप्ता, अनुपम फिलिप, विनय मिश्रा, नवीन जायसवाल, जाकेश राजवाड़े, जशवंत सिंह, प्रवेश गोयल, रामदेव जगते, त्रिभुवन सिंह टेकाम, जगत आयाम, पारसनाथ राजवाड़े, गिरधारी साहू, पवन साहू, जमिल अहमद, बिहारी कुलदीप, लोलो, प्रदीप साहू, शक्ति ठाकुर, मधु साहू, अदनान सिद्दीकी, शिवम साहू, दीपक साहू, जुगनू खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चों को कराया गया शासकीय उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण



**अम्बिकापुर।** सकालों स्थित ब्रम्ह ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल के कक्षा छठवीं से आठवीं के बच्चों को शासकीय उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों ने किताब में लिखे हुए बातों को प्रायोगिक रूप में देखा। भ्रमण के दौरान ऑटोमेटिक सिडिंग मशिन, वर्मी कम्पोस्ट, नर्सरी हाउस, विभिन्न प्रकार के मौसमी पौधे, फूलों के बारे में जाना। भ्रमण का मुख उद्देश्य सभी बच्चे ग्रामीण अंचल से हैं जिससे वैज्ञानिक तरीके से खेती करके अतिरिक्त आय कर सकते हैं। इसी क्रम में संचालक अविनाश सिंह चंदेल द्वारा बच्चों को पौधों में ग्राफ्टिंग और घुटी बांधना सिखाया। इस दौरान शिक्षक सुमन मिंज, रूपा मिस्त्री उपस्थित रहीं।

### युवक ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नर्मदापारा निवासी निरेंद्र यादव आ. बिरझू यादव (25 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी तब लगी जब पत्नी मंगली दरवाजा खुलवाने लगी तो पति ने दरवाजा नहीं खोला। अनहोनी की आशंका पर पत्नी शोर मचाने लगी जिसकी आवाज सुन परिजन सहित पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। युवक मृत हालत में फांसी में लटका हुआ था। सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### सरगुजा में बाल कृष्ण पाठक को ...

को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति से पहले रायशुमारी के लिए टीम का गठन किया था। सरगुजा जिले की बात की जाए तो एआईसीसी के निर्देश पर झारखंड राज्य कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम सरगुजा पहुंची थी। टीम ने 11 से 14 अक्टूबर तक लगातार जिले के विभिन्न विकास खंडों में मंडल, ब्लॉक अध्यक्षों और स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक बैठक लेने के साथ ही उनकी राय जानी थी। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिकों से भी कमेटी ने जानकारी हासिल करने के बाद नामों का पैनल तैयार किया था। हालांकि सरगुजा में भी कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दावेदारी की लेकिन रायशुमारी के बाद पैनल में 6 लोगों का नाम लेकर टीम लौट गई थी। इनमें सरगुजा जिले में सबसे पहला नाम जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक का ही रहा। बाल कृष्ण पाठक पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के करीबी है। 28 नवम्बर की रात कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्षों की सूची जारी की जिसमें बाल कृष्ण पाठक को एक बार फिर से सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है।

## लगाई फटकार, हटाए गए बीएमओ

# सीएचसी उदयपुर के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे जेडी, बीएमओ समेत स्वास्थ्यकर्मी नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- लापरवाही पर गिरी गाज

सीएचसी उदयपुर में पदस्थ बीएमओ को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने पद से हटा दिया है। जेडी एनएच किनारे स्थित स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे जहां चिकित्सकों के साथ ही स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। इसके साथ ही अस्पताल में भारी अव्यवस्था देखने को मिली। इन सभी लापरवाहियों को देखते हुए जेडी हेल्थ ने बीएमओ उदयपुर डॉ. योगेंद्र पैकरा को हटाने के साथ ही उनके स्थान पर डॉ. संजीव तिग्गा को बीएमओ का प्रभार दे दिया है। इसके साथ ही अनुपस्थित पाए गए सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगातार चिकित्सकों के नदारद रहने की सूचनाएं मिल रही थी। चूंकि सीएचसी उदयपुर एनएच 130 किनारे स्थित है और इसे फर्स्ट रेफरल सेंटर (एफआरयू) का दर्जा प्राप्त है। इस अस्पताल में आए दिन सड़क दुर्घटना के मामले सामने आते रहते है इसके साथ ही विकासखंड से बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल में उपचार के लिए जाते है लेकिन आए दिन अस्पताल में चिकित्सकों के नदारद रहने और मरीजों को उपचार सुविधा का लाभ नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही थी। क्षेत्र के लोगों ने संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला को भी अस्पताल से शिकायत कर रहे थे ऐसे में 28 नवम्बर की देर शाम जेडी डॉ. शुक्ला ने सीएचसी उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। शाम 4.50 बजे जब जेडी हेल्थ सीएचसी उदयपुर पहुंचे तो अस्पताल से जुड़ी शिकायत सही पाई गई। अस्पताल में ओपीडी सेवाओं का संचालन समय पर नहीं किए जाने, लैब व दवा वितरण की सेवाएं बंद पाई गई। अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं थी। कर्मचारी निर्धारित गणवेश में सेवाएं नहीं दे रहे थे। अस्पताल में ओपीडी रजिस्टर का व्यवस्थित तरीके से संधारण नहीं किया जा रहा था।

इतना ही नहीं अस्पताल में बीएमओ के साथ ही लगभग 10 से 11 अधिकारी-कर्मचारी बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में जेडी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करने के साथ ही जमकर फटकार लगाई।



सीएचसी में जानकारी लेते संयुक्त संचालक।

### पूर्व में भी मिली थी शिकायत

बताया जा रहा है कि बीएमओ डॉ. योगेन्द्र पैकरा के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें मिली थी जिसकी जांच कराई गई थी और बीएमओ को नोटिस जारी किया गया था लेकिन इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और वे अस्पताल में भी अपने कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे। ऐसे में जेडी डॉ. शुक्ला ने बीएमओ डॉ. योगेन्द्र पैकरा को पद से हटा दिया है इसके साथ ही उनके स्थान पर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार तिग्गा को आगामी आदेश तक बीएमओ उदयपुर का प्रभार सौंपा है। जबकि अनुपस्थित पाए गए बीएमओ व सभी कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सही पाई गई शिकायतें

सीएचसी उदयपुर से लगातार शिकायतें मिल रही थी। हमने अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें बीएमओ के साथ ही 10 से अधिक चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं अव्यवस्थित थी। स्वास्थ्य सेवाओं से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीएमओ को पूर्व में भी नोटिस जारी किया गया था। इसलिए उन्हें पद से हटा दिया गया है और दूसरे बीएमओ की नियुक्ति कर दी गई है।

-डॉ. अनिल कुमार शुक्ला
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

# पीडीएस दुकान में 11 लाख का खाद्यान्न घोटाला




ग्राम तेंदुआ की पीडीएस दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम तेंदुआ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न व्यपवर्तन (डाइवर्जन) का मामला सामने आया है।

खाद्य निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की संयुक्त जांच में दुकान के स्टॉक से करीब 10.95 लाख रूपए मूल्य का चावल और नमक गायब पाया गया। मामले में दुकान संचालक रमाशंकर साहू के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच टीम ने 24 से 26 नवंबर के बीच दुकान का भौतिक सत्यापन किया। रिपोर्ट के मुताबिक चावल 275.08 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 10,86,816 रूपए, नमक 7.73 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 8,028 रूपए आंकी गई है। कुल मिलाकर 10,94,845 का खाद्यान्न दुकान स्टॉक में कम पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि विक्रेता रमाशंकर साहू दुकान को नियमित रूप से नहीं खोलते थे और कई हितग्राहियों से बिना अनाज दिए ही अंगूठा लगवाकर वितरण दिखा दिया जाता था। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 11(5), 11(11), 12(3), 13(1), 13(2) और 15 का गंभीर उल्लंघन पाया गया। पूरी जांच रिपोर्ट खाद्य निरीक्षक सुश्री अनिता द्वारा प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर कलेक्टर कार्यालय ने दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। थाना पटना में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने मामले में अपराध पंजीबद्ध करते हुए प्रधान आरक्षक सतेन्द्र तिवारी को विवेचना सौंपी है। पुलिस अब खाद्यान्न व्यपवर्तन के पूरे तंत्र की जांच करेगी।

# बंद पड़ी फाइल को खोलकर गिरफ्तार किया गया ठगी का आरोपी




**अंबिकापुर।** गड़ा धन निकालने के नाम पर पूजा पाठ का ढोंग कर नगदी और सोने की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने चार साल पहले केस खत्म कर दिया था लेकिन एक बार फिर से पुलिस ने प्रकरण की फाइल खोली और आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर सहेली गली निवासी 52 वर्षीय जगदीश विश्वकर्मा अ. स्व. छुट्टू विश्वकर्मा से वर्ष 2019 में संजय मिश्रा व अन्य लोगों ने पूजा पाठ कर गड़ा हुआ धन निकालने के नाम पर 40 हजार रुपए और 21 तोला सोने की ठगी की थी। इस मामले में पुलिस वर्षों से आरोपियों की तलाश कर रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर 10 अगस्त 2021 को प्रकरण का खात्मा कर केस बंद आकर दिया गया था। इस दौरान 17 अक्टूबर को बलरामपुर के शंकरगढ़ पुलिस ने धोखाधडी के मामले में संजय मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही आरोपी संजय मिश्रा की भूमिका उक्त प्रकरण में भी सामने आने पर एसएसपी के निर्देश पर फिर से फाइल खोलकर प्रकरण की जांच की गई और जांच के बाद एमपी के रीवा इटावरी निवासी 38 वर्षीय संजय मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा को रिमांड में लेकर पूछताछ की तो उसने ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि ठगी में सिर्फ 12 हजार रुपए मिलने और रकम खर्च होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक सचिंद्र सिन्हा, आरक्षक देशराम सक्रिय रहे।

# रजिस्ट्री नियम के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- कहा-सरकार आम जनता को किसी प्रकार का राहत देने तैयार नहीं

छत्तीसगढ़ में जमीन राजिस्ट्री को लेकर भाजपा सरकार द्वारा तय किए गए नए नियमों के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने घड़ी चौक पर विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लोककल्याणकारी कार्य करने के बजाय एक व्यापारी की तरह व्यवहार कर रही है। ये सरकार आम जनता को किसी भी प्रकार की राहत देने को तैयार नहीं है।

सरकार ने पहले बिजली कीमतों को बढ़ाया और बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त किया और अब राजिस्ट्री कीमतों के भार जनता पर डाल दिया है। प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी पर तंज करते हुए कहा कि उनकी अदूरदर्शिता के कारण प्रदेश आर्थिक संकट में है। सरकार से आमजन को कुछ हासिल नहीं हो रहा है, उल्टे वित्त मंत्री जनता पर आर्थिक भार डाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जमीन रजिस्ट्री को लेकर जो नई गाइडलाइंस लाया है उसके अनुसार अब किसी भी जमीन की कीमत का मूल्यांकन उसके बाजार मूल्य के हिसाब से किया जाएगा। कांग्रेस शासन में यह व्यवस्था थी कि बाजार मूल्य पर 30 प्रतिशत छूट देकर उसपर 4 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क लिया जाता था। नई गाइडलाइन के अनुसार जहां रजिस्ट्री शुल्क के निर्धारण का आधार बाजार मूल्य को बनाया गया है वहीं पंजीकरण शुल्क को 4 प्रतिशत ही रखा गया है। इससे भूमि के मूल्य में भारी वृद्धि होना तय है। दूसरी व्यवस्था यह बनाई गई है कि यदि कोई भू-खंड मुख्य मार्ग पर है तो उस भूखंड को दो हिस्से में बांटकर उसके बाजार मूल्य का निर्धारण किया जायेगा। सड़क से लगी सामने की भूमि की कीमत की कीमत पीछे की भूमि से अधिक आंकलित की जाएगी जबकि पहले पूरे भू-खंड का एक कीमत निर्धारित होता था। इस कारणवश भी भूमि की कीमतों में भारी वृद्धि की संभावना है। प्रदेश की भाजपा सरकार के इस कदम के कारण आमजन के साथ ही व्यापारियों और रियल स्टेट कारोबारियों पर बड़ा आर्थिक भार पड़ना सुनिश्चित है। इस निर्णय के खिलाफ युवा कांग्रेस ने युंका जिलाध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व में पुतला दहन किया। इस दौरान हेमंत सिन्हा, एपी सांडिल्य, डॉ. लालचंद यादव, दुर्गेश गुप्ता, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, जमील खान, अमित तिवारी राजा, मदन जायसवाल, मो अख़्तर चम्मा, प्रीति सिंह, निक्की खान, जीवन यादव, उत्तम राजवाड़े, निखिल विश्वकर्मा, अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

# जमीन विवाद पर पड़ोसी ने मिलकर पति-पत्नी पर किया जानलेवा हमला

- सिर पर गंभीर चोट लगने से पत्नी की हालत गंभीर

**सीतापुर।** जमीन विवाद पर पड़ोसियों ने मिलकर पति पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में डंडे के वार से सिर पर गंभीर चोट लगने से पत्नी की हालत गंभीर है जबकि बीच बचाव के दौरान पति के हाथों में भी चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख उसे बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। उक्त घटना ग्राम सुर पकरीखार की है जहां जमीन विवाद के कारण पड़ोसियों ने मिलकर रविकांत लकड़ा एवं उसकी पत्नी अनिता लकड़ा पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। जिस दौरान यह हमला हुआ उस दौरान मौके पर केवल पति पत्नी मौजूद थे जबकि हमलावरों की संख्या आठ दस के करीब थी। इस हमले में सिर पर डंडे से लगे प्राणघातक चोट की वजह से महिला बुरी तरह घायल हो गई। इस दौरान पत्नी को बचा रहे पति भी हमलावरों के हमले से बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल लाया गया जहां महिला के सिर में लगी गंभीर चोट को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 351(2), 115(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



### जबरन उठाकर ले जा रह थे धान की फसल

इस घटना के संबंध में पीड़ित रविकांत लकड़ा ने बताया कि उनकी ग्राम सुर पकरीखार में कृषि भूमि है जहां उन्होंने धान की खेती की थी और फसल पकने के बाद उसे काटकर खेत मे ही इकट्ठा छोड़ दिया था। शनिवार को दोपहर में पड़ोस में रहने वाले शिवनाथ लकड़ा बैजनाथ लकड़ा अपने साथियों के साथ मिलकर उस धान को खेत से जबरन उठाकर ले जा रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद रविकांत अपनी पत्नी अनिता के साथ मौके पर पहुंचकर जबरन धान उठाकर ले जाने पर अपना विरोध जता रहा था। इसी दौरान शिवनाथ लकड़ा एवं बैजनाथ लकड़ा अपने साथियों संग मिलकर पति पत्नी पर रॉड एवं डंडे से जानलेवा हमला कर दिया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# आधार अटेंडेंस उपस्थिति के आधार पर होगा वेतन आहरण : डॉ. कपिल देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सीएमएचओ ने बसदेई प्राथमिक एवं विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य का किया निरीक्षण

सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसदेई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का समय पर आने हेतु शत प्रतिशत आधार अटेंडेंस से उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस स्टेटमेंट मोबाइल से निरीक्षण किया गया। लगातार आधार अटेंडेंस एवं समय पर नहीं लगाने वाले कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए लगातार प्रतिदिन समय पर आधार अटेंडेंस लगाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही संस्था प्रभारी को प्रति दिवस आधार अटेंडेंस की निगरानी करते हुए 10.30 तक अनुपस्थित कर्मचारियों का नाम अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर का निरीक्षण किया गया। जिसमें एक्स-रे रुम का सुचारू रुप से संचालन हेतु निर्देशित किया जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। एनआरसी सेन्टर को निरीक्षण किया और वहां पर रुके हुए हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हे दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लिया। साथ एनआरसी संस्था प्रभारी को बेहतर संचालन हेतु निर्देशित किया। हमर लैब का निरीक्षण के दौरान वहां पर होने वाली समस्त लैब जांच कर समय पर रिपोर्ट देने हेतु संस्था प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस स्टेटमेंट लॉग से उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। नियमित रूप से आधार अटेंडेंस से उपस्थिति एंव समय पर नहीं देने वाले समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए प्रतिदिवस आधार अटेंडेंस लगाने हेतु निर्देशित किया।







